जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.08.2023

आज दिनांक 31.08.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री ओ0पी0 सिंह द्वारा निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति पाने वाले श्री श्यामवीर सिंह व श्री आदेश कुमार को पुलिस उपाधीक्षक पद के प्रतीक/स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

थाना कैराना

थाना कैराना पुलिस द्वारा कुकर्म के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 31.08.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा कुकर्म के मामले में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 27.08.2023 को कैराना क्षेत्रान्तर्गत कुकर्म के संबंध में पीडित द्वारा थाना कैराना पर लिखित तहरीर दी गई। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग मु0अ0स0 445/2023 धारा 328/377/506 भादवि0 व 67 आईटीएक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कैराना को दिये गये थे।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

सावेज उर्फ शाहवाज पुत्र शहजाद निवासी ग्राम ऊंचागांव थाना कैराना जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.निरी0 श्री नेत्रपाल सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

2.का0 आकाश जैनर थाना कैराना जनपद शामली।

<u>थाना थानाभवन</u>

<u>थाना थानाभवन पुलिस द्वारा पत्नी को आत्म हत्या करने को उकसाने के मामले में वांछित पति गिरफ्तारः-</u>

आज दिनांक 31.08.2023 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी भवन के निकट पर्यवेक्षण में थानाभवन पुलिस द्वारा पत्नी को आत्महत्या करने को उकसाने के मामले में वांछित पति को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 29.08.2023 को श्री सन्दीप पुत्र सत्यपाल निवासी टावर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर द्वारा उसकी बहन को उसके पति (विकास) द्वारा आत्महत्या करने को उकसाने के सम्बन्ध में थानाभवन पर तहरीर दाखिल तहरीर दाखिल की गयी। दाखिला तहरीर के आधार पर थानाभवन पर मु0अ0सं0 305/2023 धारा 323,504,306 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में लिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन को निर्देशित किया गया था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

विकास पुत्र सप्पटर सिंह निवासी ग्राम ख्याबड़ी थाना थानाभवन जनपद शामली।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1.उ0नि0 श्री विक्रम सिंह थाना थानाभवन जनपद शामली।
2.है0का0 जोगेन्द्र सिंह थाना थानाभवन जनपद शामली।
3.है0का0 अश्वनी कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।

थाना आदर्शमण्डी

थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा घर में घुसकर गैंहू चोरी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 31.08.2023 को थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अरविन्द पुत्र पाला निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिसके कब्जे से चोरी किये हुए 30 किग्रा गैहूं बरामद हुए है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।